परीक्षा के दौरान अनियमितता पर कुलपति ने जताई नाराजगी

रुड़की। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के संबद्ध कॉलेजों में चल रहीं सेमेस्टर परीक्षाओं के मद्देनजर विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने तीन कॉलेजों औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक संस्थान में गड़बड़ी मिली है। इस पर कुलपति ने नाराजगी जताई है।

इस दौरान कुलपति के साथ विवि की फ्लाइंग टीम भी मौजूद रही। टीम करीब डेढ़ बजे कॉलेज में पहुंची थी। कुलपति प्रो. सिंह ने बताया कि निरीक्षण में फोनिक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में आयोजित परीक्षाओं में सीसीटीवी फुटेज नहीं मिलन, उपस्थिति प्रपत्र में काटा छांटी और सत्यापन प्रपत्र में कक्ष निरीक्षकों के हस्ताक्षर नहीं मिलने समेत कई अनियमितताएं सामने आई हैं।

इस पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से सभी संबंधित प्रपत्र आदि को अपने नियंत्रण में लेने के निर्देश दिए। उड़नदस्ते के साथ कुलपति ने परिसर का भ्रमण कर परीक्षा कक्षों के नीचे पड़े कागजों तत्काल साफ करवाकर सही ढंग से परीक्षा आयोजित कराने के निर्देश दिए। संवाद